नाम लेने से तर जाएगा

नाम लेने से तर जाएगा,
पार भव से उतर जायेगा॥

उस गली होगी चर्चा तेरी,
जिस गली से गुजर जायेगा,
नाम लेने से तर जाएगा,
पार भव से उतर जायेगा॥

बड़ी मुश्किल से नर तन मिला,
कल ना जाने किधर जाएगा,
नाम लेने से तर जाएगा,
पार भव से उतर जायेगा॥

अपना दामन तो फैला ज़रा,
कोई दातार भर जाएगा,
नाम लेने से तर जाएगा,
पार भव से उतर जायेगा॥

सब कहेंगे कहानी तेरी,
जब इधर से उधर जाएगा,
नाम लेने से तर जाएगा,
पार भव से उतर जायेगा॥

याद आएगी दासता तेरी,
काम ऐसा जो कर जाएगा,
नाम लेने से तर जाएगा,
पार भव से उतर जायेगा॥

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/27217/title/naam-lene-se-tar-jayega

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |